9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-सीरी में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 19 अक्टूबर, 2024 को आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक, राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं; डॉ. जगदीश चौधरी, ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिलानी एवं डॉ निशा ने अपनी टीम के साथ सेवाएँ दीं। संस्थान के औषधालय में अंशकालिक आयुर्वेद चिकित्सक डॉ रमेश पी. जाजू ने भी शिविर में रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का **विधिवत उद्घाटन** किया।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ पी सी पंचारिया एवं अन्य अधिकारीगण

स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

अपने अध्यक्षीय संबोधन में **डॉ पी सी पंचारिया**, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में शोधरत सीएसआईआर प्रयोगशालाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद उत्सव के आयोजन का उद्देश्य देश में प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुँचाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

चिकित्सा शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ रमेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक, राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनं

डॉ रमेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक, राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं ने आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न केवल सरकार इस दिशा में प्रयासरत है अपितु नवीन अनुसंधानों के बल पर यह पद्धति बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं विश्व में भी आयुर्वेद से लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है।

अतिथियों को संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

डॉ पंचारिया ने अतिथियों को संस्थान की ओर से **स्मृति चिह्न भेंट** कर सम्मानित किया और संस्थान के अनुरोध पर शिविर आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में चिकित्सा परामर्श देते हुए डॉ रमेश कुमार शर्मा एवं डॉ जगदीश चौधरी

संस्थान परिसर के गाँधी हॉल में आयोजित आयुर्वेद शिविर में 125 से अधिक सहकर्मियों, उनके परिजनों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने चिकित्सा परामर्श लिया और औषधियाँ प्राप्त कीं। यह चिकित्सा शिविर राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूँ के सहयोग से आयोजित किया गया।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में परामर्श एवं औषधि लेने आए लोग

संस्थान परिसर के गाँधी हॉल में आयोजित कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश भर में 30 सितंबर, 2024 से 29 अक्टूबर, 2024 तक 'राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव' मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम **'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार'** रखी गई है।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण

अंत में प्रशासन नियंत्रक **श्री जय शंकर शरण** ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस वर्ष देश में राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव **'जन भागीदारी, जन संदेश तथा जन आंदोलन' के रूप में** मनाया जा रहा है। उन्होंने निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं संस्थान की ओर से आमंत्रित अतिथियों एवं राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं के प्रति संस्थान में शिविर आयोजित करने व जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र